निवास' है। 21 जनवरी, सन् 1972 को मेघालय एक अलग पूर्ण राज्य बना। वर्तमान में भौगोलिक सीमा के अंतर्गत इसके पूर्व में असम और पश्चिम में बांग्लादेश स्थित है। मेघालय दो प्रमुख भागों में विभाजित है- खासी-जयंतिया क्षेत्र और गारो पर्वतीय क्षेत्र। इस राज्य में कई जनजातीय समूह निवास करते हैं जिनमें खासी-जयंतिया एवं गारो प्रमुख हैं, ये मातृसत्तात्मक जनजातियाँ हैं। गारो 'आचिक' या 'मंडे' नाम से जाने जाते है, जिसका अर्थ 'पहाड़ी मानव' या 'पहाड़ी जनजाति' है। ये तिब्बत के गारो से प्रवर्जित होकर उत्तरी तिब्बत के पठार में बस गए और वहाँ से अबोंग नोगा के सानिध्य में निवासित हुए। गारो जनजाति वनिय क्षेत्र में निवास करती है और उनका जीवन मुख्यतः झूम खेती पर निर्भर है। मेघालय के जनजातियों के अपने अलग-अलग कुछ विशेष त्योहार हैं। ये त्योहार यहाँ के निवासियों के साथ-साथ पूरे देश-दुनिया के पर्यटकों को भी अत्यंत आकर्षित करते हैं। यह त्योहार धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों ही रूपों में महत्त्वपूर्ण है। गारो जनजाति द्वारा मनाये जाने वाले प्रमुख उत्सवों में वांगला अत्यंत प्रमुख है। लेकिन इसके पूर्व कुछ अन्य महोत्सव मनाया जाता है। वे निम्नलिखित है-

अओपटा पर्वः- इस त्योहार के साथ वर्ष की शुरुआत की जाती है जो कृषि भूमि पर सभी परिवारों द्वारा मंत्रोचारण के साथ मनाया जाता है।

देंबिल्सिया पर्वः- यह झूम खेती के समापन पर जनवरी-फरवरी के मध्य मनाया जाता है और नोक्मा के आवास पर आशीर्वाद के लिए देव को लाया जाता है तत्पश्चात तलवारों के साथ नृत्य का आयोजन किया जाता है उसके बाद भोज का आयोजन किया जाता है।

असीरोका पर्वः- यह पुराने झूम क्षेत्र में चावल और अन्य फसलों के रोपण के संबंध में मनाया जाता है। इसके दौरान बलि दी जाती है और सभी प्रतिभागियों को पशु का मांस वितरित किया जाता है। माइट मिसी सालजोंग के आशीर्वाद के लिए पूजा की जाती है। इस पर्व का समापन अविवाहित लड़के और लड़कियों के नृत्य के साथ होता है।

अगलमक पर्वः- अगलमक खेती के लिए साफ की गई झूम जमीन को जलाने के तुरंत बाद किया जाता है। प्रत्येक परिवार एक अंडे की बलि देकर इसे व्यक्तिगत रूप से अपने क्षेत्र में करता है। नोकमा पक्षी का बलिदान करतें हैं। इसके बाद खेतों में बीज को बिखेर कर बोया जाता है।

Scanned with CamScanner

कुछ दिनों तक दावत, एक-दूसरे से मिलने-जुलने और गायन-नृत्य की प्रक्रिया चलती रहती है।

रोंगचू गाला पर्व:- इस पर्व में फसल काटने से पहले सबसे पहले ईष्ट देव को अर्पित करने की परंपरा है। इसमें नई फसल से तैयार किए गए संचालित चावल अर्पण किये जाते हैं। नोकमा द्वारा तैयार स्थान पर यह प्रसाद केले के पत्ते पर रखा जाता है। इस अवसर पर अर्पित की जाने वाली अन्य वस्तुओं में चूना और गन्ना शामिल हैं। और अंत में लोग भोजन ग्रहण करते हैं और वाद्य यंत्र बजाते हैं।

अहिया पर्व:- आमतौर पर सितंबर में अच्छी फसल पूरी होने पर ईष्ट को धन्यवाद के रूप में अहिया समारोह आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर हर घर में मछली, सूखी मछली या केकड़ा पकाया जाता है और देव को अर्पित किया जाता है। कई दिनों तक उत्सवनृत्य आदि के रूप में मनाया जाता है।

वांगला पर्व:- यह गारो जनजाति का सबसे प्रसिद्ध और सबसे बड़ा त्योहार है। यह अपने इष्ट के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने हेतु आयोजित की जाती है। गारो समुदाय के लगभग सभी खंड इसे मनाते हैं। नोकमा द्वारा तारीखों की घोषणा के बाद इस त्योहार की तैयारी पहले से शुरू हो जाती है। त्योहार के दौरान मेहमानों को आवास प्रदान करने हेतु ग्रामीणों द्वारा अपने घरों की मरम्मत की जाती है। इस पर्व में नोकमा के घर से अनुष्ठान और बलिदान के साथ शुरू होता है। इसके बाद कुछ रस्में निभाई जाती हैं और इस शाम के दौरान कमल (पुजारी) बाँधते हैं। बर्तन के मुंह के चारों ओर सूती धागा और मन्त्रों द्वारा आत्मा का आह्वान किया जाता है। इसमें तीन मुर्गों की कुर्बानी दी जाती है और रक्त को बर्तन और धागे पर छिड़का जाता है और बाद में बर्तन के मुंह के चारों ओर पक्षी के पंख बांधे जाते है। यह भावना धन से जुड़ी है। इसके बाद पुजारी जी घर की सामने की दीवार के सामने नोकनी घुन की पूजा करें या एक लाल मुर्गे की बलि देकर और पूरी दीवार पर खून और पंख बिखेर कर घर की आत्मा को शांत करें। उसी प्रकार अन्य छोटे देवताओं की पूजा मुर्गे और मुर्गियों की बलि देकर की जाती है। आग के चारों ओर नृत्य करता है। नोकमा व अन्य निवासी भी उससे जुड़ते हैं। नृत्य के बाद महिलाएँ प्रतिभागियों को पाउडर राइस केक बाँटती हैं। इस समारोह में महिलाएँ अपने पारंपरिक

Scanned with CamScanner

औपचारिक परिधानों में नृत्य करती हैं। इस प्रकार अन्य देवी-देवताओं को नृत्य-पूजन चलता रहता है कभी-कभी अलग-अलग जगहों पर जैसे पुजारी के घर आदि। इन नृत्यों में विवाहित और अविवाहित दोनों भाग लेते हैं। ऐसे अवसर युवा पीढ़ी के सदस्यों को अपना साथी चयन करने का अवसर देते हैं। इस वांगला उत्सव में नर्तक दो समानांतर रेखाओं में एक पंक्ति बनाते हैं- एक पुरुष की और दूसरी पुरुष की महिलाएँ, दोनों उत्सव के पारंपरिक परिधानों में निकल रही हैं। पुरुष ढोल पीटते हैं और धुन के साथ आगे बढ़ते हैं घड़ियालों, भैंसों के सींग, बांसुरी और नगाड़ों से निकलने वाले संगीत की ध्वनि। नर्तक ऊर्जावान दिखाते हैं, वैसे तो यह त्योहार मेघालय राज्य का प्रमुख त्योहार है लेकिन इसके साथ-साथ वांगला त्योहार

वांगला पर्व (स्त्रोत : विकिपीडिया)

असम, नागालैंड तथा बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में भी मनाया जाता है।

7 दिसंबर 1976 को मेघालय के राज्य सरकार द्वारा सबसे पहली बार वांगला त्योहार के आधुनिक रूप '100 ड्रमों के त्योहार' को शुरू किया गया था जो प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। इस त्योहार में अलग-अलग प्रतियोगिताएँ होती हैं। यह 2 से 3 दिन तक मनाया जाने वाला त्योहार है।

बेहदीनखलम उत्सव:- यह राज्य का अत्यंत लोकप्रिय त्योहार है।

Scanned with CamScanner

बेहदीनखलम त्योहार राज्य के जयंतिया जनजातीय के द्वारा मनाया जाता है। यह त्योहार प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में मनाया जाता है। जयंतिया जनजातीय समूह के द्वारा अपने फसलों के बुवाई के बाद यह त्योहार पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है इस त्योहार में अनेक पारंपरिक रस्मों को निभाया जाता है। बेहदीनखलम त्योहार के माध्यम से लोग अपने इष्टदेव से एक अच्छी फसल की कामना करते हैं। इस त्योहार में समुदाय के सभी लोग एक विशेष जगह पर इकठ्ठा होते हैं जहाँ पर बने एक खम्बे के चारो तरफ लोग पारंपरिक नृत्य करते हैं। हालाँकि इस नृत्य में समाज की महिलाएँ शामिल नहीं होती हैं क्यूंकि घर में उन्हें अपने इष्टदेव के लिए अनेक अन्य रस्मों को निभाना पड़ता है। बेहदीनखलम त्योहार में बाँस से बने खंभेनुमा विशेष आकृति जिसे कि रंग-बिरंगे कागजों से सजाया जाता है आम लोगों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र होता है। यह त्योहार चार दिनों तक चलता है और लोगों के जीवन में नए उत्साह के साथ-साथ नए रंग भर के जाता है।

सेंग कूट नेम पर्व:- मेघालय जनजातीय समूहों का राज्य है। यहाँ कई जनजातीय समूह निवास करते हैं जैसे कि गारो, खासी, जयंतिया इत्यादि। इन्ही जनजातीय समूहों में से एक खासी जनजातीय समूह जो कि मेघालय की सबसे बड़ी जनजातीय समूह भी है, के द्वारा सेंग कूट नेम त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह के 23 तारीख को मनाया जाता है।

सेंग कूट नेम (स्त्रोत : प्रोकेला.कॉम)

Scanned with CamScanner

दरअसल भारत पर अंग्रेजी शासन के दौरान मेघालय के खासी समुदाय के 16 युवकों ने अपनी परंपरा और रीति-रिवाजों को अंग्रेजी प्रभावों से बचाने के लिए 23 नवम्बर, सन् 1899 को एक संगठन का निर्माण किया था। इस संगठन का नाम 'खासी यंग मेंस एसोक असोसिएशन' था। इन युवकों द्वारा अपने समुदाय की रक्षा के लिए उठाए गए इस सराहनीय कदम की याद में ही प्रत्येक वर्ष 23 नवम्बर को यह त्योहार खासी समुदाय के द्वारा बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस दिन मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में खासी समुदाय के लोग झाँकियाँ निकालकर खासी समुदाय के इतिहास और परंपरा से नवयुवकों को प्रेरित करने का प्रयास करते हैं। खासी जनजातीय द्वारा अच्छी फसल प्राप्ति पर अपने देवता को धन्यवाद देने के लिए भी सेंग कूट नेम त्योहार मनाया जाता है। इस दिन समुदाय के लोग पारंपरिक नृत्य, गीत, भोजन के साथ-साथ अपने त्योहार का आनंद उठाते हैं।

शाद सुक मिनसिमः- यह पर्व प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में मनाया जाता है। मेघालय राज्य के प्रमुख जनजातीय समुदाय खासी जनजाति के द्वारा यह त्योहार मनाया जाता है। खासी जनजाति द्वारा अपने इष्टदेव को अच्छी फसल प्राप्ति के बाद धन्यवाद देने के उद्देश्य से यह त्योहार मनाया जाता है। शाद सुक मिनसिम का अर्थ शांत हृदय से किये गए नृत्य से है। इस त्योहार में खासी समुदाय के द्वारा एक विशेष प्रकार का नृत्य किया जाता है जिसमें महिला और पुरुष दोनों की भागीदारी समान होती है। इस

शाद सुक मिनसिम (स्त्रोत : द शीलोंग टाइम्स)

Scanned with CamScanner

नृत्य में समुदाय के लोग अपने निजी जीवन को चरितार्थ करते हैं, जिसमें महिलाएँ बीच में नृत्य करती हैं तथा पुरुष उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य को दर्शाते हुए हाथ में तलवार लेकर नृत्य करते हैं। सभी प्रतिभागी अपने परंपरागत वेशभूषा में त्योहार मनाते हैं। यह त्योहार तीन दिनों तक मनाया जाता है तथा मेघालय की राजधानी शिलाँग में इस उत्सव को मनाने के लिए विशेष आयोजन किये जाते हैं।

नोंगक्रेम डांस फेस्टिवल:- यह त्योहार भी मेघालय राज्य के अन्य त्योहारों की तरह ही बहुत लोकप्रिय है। मेघालय राज्य के खासी जनजाति के द्वारा इस त्योहार को मनाया जाता है। नोंगक्रेम डांस फेस्टिवल मुख्यत: पारंपरिक डांस को प्रदर्शित कर अपने इष्टदेव 'का ब्लेई सिन्शर' को धन्यवाद देने का एक तरीका है। यह त्योहार प्रत्येक वर्ष नवंबर माह में मेघालय राज्य की राजधानी शिलाँग के पास ही स्थित स्मित (Smit) में आयोजित किया जाता है। इस डांस फेस्टिवल में अविवाहित लड़कियाँ भाग लेती हैं तथा एक विशेष प्रकार के नृत्य कला का प्रदर्शन करती हैं। इस नृत्य में लड़कियों के दाहिने हाथ में एक तलवार तथा बाएँ हाथ में याक के बालों से बना एक गुच्छा होता है। इस नृत्य क्रिया में शामिल सभी लड़कियाँ अपने पारंपरिक वेश-भूषा में बहुत ही आकर्षक दिखाई देती हैं। ये लड़कियाँ ढोल-बाजे तथा शहनाई के धुन पर नृत्य करती हैं। नोंगक्रेम डांस फेस्टिवल में समुदाय के मुख्य पुजारी द्वारा समुदाय के देवता



नोंगक्रेम डांस फेस्टिवल- (Source: Meghalaya.gov.in)

Scanned with CamScanner

'लेई शिलाँग' को खुश करने के लिए यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस यज्ञ में देवता के समक्ष मुर्गे की बलि दी जाती है। नोंगक्रेम डांस फेस्टिवल में पोम्ब्लांग नामक एक अन्य पूजा का भी आयोजन किया जाता है जिसमें बकरी की बलि दी जाती है। यह चार दिनों तक मनाया जाने वाला त्योहार है।

शाद सुकरा:- यह त्योहार मेघालय राज्य के जयंतिया जनजाति के लोगों द्वारा मनाया जाता है। मेघालय राज्य में मनाये जाने वाले अन्य सभी त्योहारों की भांति ही यह त्योहार भी फसलों से सम्बंधित है। शाद सुकरा त्योहार फसलों की बुवाई के पहले मनाया जाता है। इस त्योहार को मनाने का मुख्य उद्देश्य अपने फसलों को आपदाओं इत्यादि से होने वाले नुकसान से बचाना है। इस त्योहार में समुदाय के लोग विभिन्न प्रकार के परंपरागत वेशभूषा में नृत्य करते हैं। अपने त्योहार को उत्साह के साथ मनाने के लिए इस दिन विभिन्न प्रकार के पकवान बनाये जाते हैं। यह त्योहार पूरे मेघालय के अलग-अलग क्षेत्रों में मनाया जाता है।

शाद सुकरा (Source: Pinterest)

निष्कर्ष

भारत एक विविध संस्कृतियों से परिपूर्ण देश है। इसकी विविधता यहाँ के भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति के कारण संभव हो सका है। विभिन्न राज्यों की अपनी अलग सांस्कृतिक विरासत है। मेघालय भी अपनी भौगोलिक और पर्यावरणीय विशेषताओं के कारण विशेष है। उपर्युक्त पर्वों के आधार पर उनकी सामाजिक एकता और अपने पारंपरिक धरोहरों को

Scanned with CamScanner

संजोने के साथ आने वाली पीढ़ी को सुपुर्द करने का उपक्रम देखा जा सकता है। उपर्युक्त प्रमुख पर्वों में कृषि जो उनके जीविकोपार्जन का मूल व्यवसाय है, उसके लगातार बने रहने और जो उन्हें प्राप्त है, उसके लिए अपने इष्ट के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के सन्दर्भ में आयोजित किये जाते हैं। इस क्षेत्र में निवासित गारो, खासी एवं जयंतिया जनजातियों के अपने पर्व उनके इष्ट को समर्पित है। इसके माध्यम से पारंपरिक नृत्य, परिधान, भोजन एवं अमूर्त संस्कृति को जीवन्तता प्रदान करते हैं।

सन्दर्भ :

1. Bareh, h. 1985. History And culture of the khasi people. Gauhati: spectrum publications
2. Bareh, h. 1991. The Art history of meghalaya. New delhi: Agam kala prakashan.
3. Bareh, h. 2001. Encyclopaedia of north-east india: Meghalaya. Vol. Iv. New delhi: mittal publications.
4. Bauman, richard (ed.). 1992. Folklore, cultural PerformancesAnd popular entertainments. London: Oxford university press.
5. Khongphai, A. S. 1979. Shad suk mynsiem. In hipshon Roy (ed.). Khasi heritage. Shillong: ri khasi press.
6. Kyndiah, p.R. 1979.A peep into khasi-jaintia music. In hipshon roy (ed.). Khasi heritage. Shillong: ri Khasi press.
7. Lyngdoh, m.P.R. 1991. The festivals in the historyAnd Culture of the khasi. New delhi: vikas publishing House.
8. Giri, h. (2002.)The khasis under british rule (1824 1947); Regency publications, new delhi.
9. Miangky.N.MarakAnd dr. V. Thirumurugan . 2021 'Wangala festival of the garo in Meghalaya, north east india'.Jouranal Of emerging technologiesAnd innovative research,

Scanned with CamScanner

September 2021. Volume 8, issue 9
10. Pakyntien, v. (1996) The khasi clan: changing religion And effects; cosmos publication, new delhi.
11. P, r, g (2003). Khasi of meghalaya: A study in tribalism and religion, cosmo publications, newdelhi.

Scanned with CamScanner

स्वराज के स्वर

संपादक द्वय : डॉ. आशीष कुमार साव
डॉ. अमित कुमार दीक्षित

HARVARD WORLD RECORDS
LONDON

Scanned with CamScanner

स्वराज के स्वर

संपादक द्वय
डॉ. आशीष कुमार साव
डॉ. अमित कुमार दीक्षित

अनेकता में एकता का प्रतीक
के.बी.एस. प्रकाशन दिल्ली

Scanned with CamScanner

11. शहीद मदन लाल ढींगरा... 87
- हरिनन्दन वाल्मीकि, पैरोकार एवं सोशल एक्टिविस्ट
पिधौरागढ़, उत्तराखण्ड
12. राम प्रसाद बिस्मिल... 93
- डॉ. शैलजा श्रीवास्तव, लेखक
जबलपुर, मध्य प्रदेश
13. गणेश दामोदर सावरकर... 101
- रूचि रानी, लेखक
वाराणसी, उत्तर प्रदेश
14. राष्ट्रीयता और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर... 111
- डॉ. प्रतिमा प्रसाद, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग
काजी नजरुल विश्वविद्यालय, आसनसोल, पश्चिम बंगाल
15. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदः खुदीरामबोस... 116
- रुद्र चरण माँझी, शोधार्थी, हिंदी विभाग
दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिहार
16. आज़ादी के परवाने अमरवीर अशफाक उल्ला खान... 127
- रामप्रसाद शुक्ल, लेखक
17. शहीद मदन लाल ढींगरा... 132
- हरिनन्दन बाल्मीकि, पिधौरागढ़, उत्तराखण्ड
18. भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्र निर्मात्रीः डॉ. एनी बेसेंट... 137
- डॉ. आरती कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर
वसन्त कन्या महाविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
19. महानतम क्रांतिकारी लाला हरदयाल... 144
- डॉ. सुरभि दत्त, एसोसिएट प्रोफेसर,
सिकंदराबाद, तेलंगाना
20. जंगल का नायक रंपा बिद्रोही का विप्लव वीरः अल्लूरी सीताराम राजू 149
- डॉ. स्नेह लता शर्मा, पूर्व प्राचार्य
नानकराम भगवानदास साइंस कॉलेज, हैदराबाद तेलंगाना
21. पी.वी. नरसिंहराव 156
- वाणी गौरठी, लेखक
22. स्वतंत्रता संग्राम का महान आदिवासी वीरः बिरसा मुंडा.... 161
- अर्चना पाठक, सहायक अध्यापक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय
राँची, झारखण्ड

Scanned with CamScanner

भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्र निर्मात्री : डॉ. एनी बेसेंट

डॉ. आरती कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर
वसन्त कन्या महाविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश

शोध सार :

स्वतंत्रता किसी भी व्यक्ति, समाज, देश के लिए महत्वपूर्ण एवं मौलिक अधिकार होता है। भारत देश प्राचीन काल से ही अपनी वैशिष्ठता और विविधता के लिए विश्व प्रसिद्ध रही किन्तु भारतीय इतिहास में एक ऐसा भी समय आया जब इसे परतंत्रता से गुजरना पड़ा। अतः इस परिस्थिति से उभरने के लिए संग्राम की स्थिति बन गई, जिसमें अनगिनत लोगों ने अपना योगदान दिया। इस आन्दोलन में डॉ. एनी बेसेन्ट का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। डॉ. एनी बेसेन्ट ने भारतीय न होते हुए भी यहाँ की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व दान कर दिया। डॉ. बेसेन्ट १६ नवम्बर १८९३ को पहली बार भारत भूमि पर क़दम रखा। डॉ. एनी बेसेन्ट का व्यक्तित्व बहुयामी रहा है। वह भारतीय स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही राजनीतिज्ञ, अध्यात्मिक शिक्षिका, महान समाज सुधारक, महान शिक्षाविद, कवयित्री, अद्वितीय वक्ता भी रहीं। उनके व्यक्तित्व की बड़ी विशेषता थी की उनमें एक साथ ऋषि और योद्धा दोनों के गुण विद्यमान थे। १९१४ में अपने ६८ वर्ष के उम्र में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्रवेश किया। और इसके साथ ही "होमरूल" आन्दोलन प्रारम्भ किया। यह आन्दोलन भारतीय और कांग्रेस की राजनीति का नया जन्म माना जाता है। जिसकी विस्तृत चर्चा लेख में की गई है।

बीज शब्द :

स्वतंत्रता संग्राम, होमरूल, राष्ट्रीय कांग्रेस, थियोसोफिकल सोसाइटी, राष्ट्र निर्माण।

एनी बेसेंट का जन्म भारत की स्वतंत्रता से ठीक १०० वर्ष पूर्व १ अक्टूबर, १८४७ में लन्दन में हुआ था। उनकी माता आयरिश महिला थी वहीं

Scanned with CamScanner

उनके पिता देवोंशिरे वुड की माता भी आयरिश थीं। एनी बेसेंट के पिता पेशे से डॉक्टर थे। डॉ० बेसेन्ट के ऊपर इनके माता पिता के धार्मिक विचारों का गहरा प्रभाव था। डॉ० बेसेन्ट मात्र पाँच वर्ष की थी जब उनके पिता मृत्यु को प्राप्त हो गए। पिता की मृत्यु के बाद धनाभाव के कारण इनकी माता इन्हें हैरो ले गईं। वहाँ मिस मेरियट के संरक्षण में इन्होंने शिक्षा प्राप्त की। कुछ समय जर्मनी एवं फ्रांस में भी व्यतीत किया और १७ वर्ष की आयु में अपनी माँ के पास वापस आ गईं।

युवावस्था में एनी बेसेंट का जुड़ाव रेवरेण्ड फ्रैंक नामक एक युवा से बढ़ा, जो पेशे से पादरी थे। और १८६७ में दोनों का विवाह संपन्न हुआ। किन्तु पति के विचारों से असमानता के कारण उनका दाम्पत्य जीवन सुखमय नहीं रहा। एक तरफ जहाँ एनी स्वतंत्र विचारों वाली आत्मविश्वासी महिला थी वही उनके पति संकुचित विचारों से ग्रसित पुरुष। वे १८७० तक दो बच्चों की माँ बन चुकी थीं। ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हुई जिससे उनका ईश्वर, बाइबिल और ईसाई धर्म पर से उनकी आस्था स्थिर न रह सकी। पादरी-पति और पत्नी का परस्पर निर्वाह कठिन हो गया और अन्ततोगत्वा १८७४ में सम्बन्ध-विच्छेद हो गया। तलाक के पश्चात् एनी बेसेन्ट को गम्भीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा और उन्हें स्वतंत्र विचार सम्बन्धी लेख लिखकर धनोपार्जन करना पड़ा।

डॉ० बेसेन्ट इसी समय चार्ल्स वेडला के सम्पर्क में आईं। अब वह सन्देहवादी के स्थान पर ईश्वरवादी हो गईं। कानून की सहायता से उनके पति दोनों बच्चों को प्राप्त करने में सफल हो गये। इस घटना से उन्हें हार्दिक कष्ट हुआ। डॉ. बेसेन्ट ने ब्रिटेन के कानून की निंदा करते हुए कहा था की यह अत्यंत अमानवीय है जिसने बच्चों को उनकी माता से अलग करवा दिया। "मैं अपने दुखों का निवारण दूसरों के दुःख दूर कर के करुँगी और सभी अनाथ एवं असहाय बच्चों की माँ बनूँगी"। डॉ० बेसेन्ट ने अपने इस कथन को सत्य सिद्ध किया और अपना अधिकांश जीवन दीन-हीन अनाथों की सेवा में ही व्यतीत किया। ख्यातिलब्ध पत्रकार विलियड स्टीड के सम्पर्क में आने पर वे लेखन एवं प्रकाशन के कार्य में अधिक रुचि लेने लगीं। अपना अधिकांश समय मजदूरों, अकाल पीड़ितों तथा झुग्गी झोपड़ियों में रहने वालों को सुविधा दिलाने में व्यतीत किया। वह कई वर्षों तक इंग्लैण्ड की सर्वाधिक शक्तिशाली महिला ट्रेड यूनियन की सेक्रेटरी रहीं। वे

Scanned with CamScanner

अपने ज्ञान एवं शक्ति को सेवा के माध्यम से चारों ओर फैलाना नितान्त आवश्यक समझती थीं। उनका विचार था कि बिना स्वतंत्र विचारों के सत्य की खोज संभव नहीं है।

बौद्धिक रूप से विकसित पाश्चात्य देश की शिक्षित महिला का भारत आना, भारत को अपनी मातृभूमि के रूप में अपनाना तथा भारतीयों को भारतीयता का पाठ पढ़ाना विश्व इतिहास में एक अनोखी घटना है। पर सबसे आश्चर्य की बात डॉ० बेसेन्ट का भारत आगमन से वर्षों पूर्व भारतीय होना है। भारत के प्रति पहला वक्तव्य १८७५ में मिलता है, जिसमें उन्होंने भारतीय आत्मा की आवाज़ बनकर ब्रिटिश शासकों के भारत भ्रमण का विरोध भारतीय गरीबी के सन्दर्भ में किया। १८७८ में उन्होंने "इंग्लैंड, इंडिया तथा अफगानिस्तान" नमक पुस्तक में बहुत कठोर शब्दों में भारत में ब्रिटिश शासन की निंदा की है। यह पुस्तक ही वास्तव में भारतीय सांस्कृतिक जागरण एवं स्वतंत्रता संग्राम का प्रारम्भिक रूप है। उनके अनुसार जो ब्रिटिश द्वारा भारतीयों को सभ्य करने के सिद्धांत के समर्थक है, वे अज्ञानी है क्योंकि भारत उस समय विश्व सभ्यता का केंद्र था। उन्होंने ब्रिटिश शासन को "भारत का लुटेरा" कहा है। उन्होंने कहा की पूरे ब्रिटिश को "इस महान देश के प्रति किये गए गलत कार्यों के पश्चाताप के लिए एक मात्र उपाय भारत की स्वतंत्रता है। भारत को स्वतंत्रता के लिए तैयार करें और भारत में भारतीय न्यायाधीश ही न्याय करें एवं सर्वोच्च पद प्राप्त करें। यह भारत के तरफ से ब्रिटिश शासन के विरुद्ध पहला विरोध था। यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम का पहला बिगुल था।

डॉ. बेसेन्ट १६ नवम्बर १८९३ को पहली बार भारत भूमि पर पदार्पित हुई। १८९५ में उन्होंने काशी में अपना निवास स्थान बनाया जिसका नाम "शांति-कुञ्ज रखा। वर्तमान में यह थियोसोफिकल सोसाइटी, लक्सा के परिसर में स्थित है। भारत के साथ डॉ. बेसेन्ट का तादात्म्य सिर्फ प्रेम तथा ज्ञान पर नहीं, भारत के प्रति त्याग एवं सेवा पर आधारित है। उन्होंने कहा था –"भारत को स्वतंत्रता मिल जाय, तो मेरे दुःखों का भी कोई मोल नहीं"। भारत के राष्ट्र निर्माण के लिए उन्होंने ४० वर्ष तक अथक परिश्रम किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के सुक्ष्म तत्वों को भी खोज निकाला। उनके अनुसार एक राष्ट्र मनुष्य की तरह ही "एक जैविक और

Scanned with CamScanner

सामाजिक तत्व है"। एक राष्ट्र भी चार आधार स्तंभों पर आधारित है – आत्मा, विचार, भावना एवं शरीर। धर्म राष्ट्र की आत्मा है, शिक्षा राष्ट्र का विचार है, समाज राष्ट्र की भावना है एवं राजनीति राष्ट्र का शरीर। पूरे भारत के नव निर्माण के लिए उसके अंगो को विकसित करना था। डॉ. बेसेन्ट थियोसोफी से जुड़ने के बाद वे राजनीति से सन्यास ले चुकी थी। इसके पूर्व इंग्लैण्ड की राजनीति में उन्होंने सक्रिय सहभागिता निभाई। वे थियोसोफिकल सोसाइटी के इसोरेटिक (योग साधना) भाग का १८९१ में ही अध्यक्ष बन गई थी तथा १९०७ में पूर्ण सोसाइटी की भी अध्यक्षा बनीं।

डॉ. बेसेन्ट के राजनीति में आने के कई कारण थे। जिस भारत के लिए उन्होंने सर्वस्व दान दिया था वह भारत की परतंत्रता के कारण अधूरा रह जाता। ब्रिटिश सरकार की तानाशाही उनके हर प्रगतिशील कार्यों के सामने हिमालय बन कर खड़ी थी। जिस स्वंत्रता का बिगुल उन्होंने १८७८ में फूका था उसकी प्राप्ति का कोई ठोस कदम कोंग्रेस उठा नहीं पा रही थी। १९१४ में अपने ६८ वर्ष के उम्र में भारतीय राजनीति में प्रवेश किया। और इसके साथ ही "होमरूल" आन्दोलन प्रारम्भ किया। उन्होंने कांग्रेस और तिलक को साथ लेन का प्रयास किया। यह आन्दोलन भारतीय और कांग्रेस की राजनीति का नया जन्म माना जाता है। डॉ. बेसेन्ट पूरे देश में भ्रमण कर लोगों को स्वराज के प्रति जागृत किया तथा होमरूल की नई शाखाएं प्रारम्भ की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को गाँव-गाँव भेजा और १९१५ में ही दो पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारम्भ करवाया –"न्यू इंडिया" दैनिक तथा "द कॉमन वील" साप्ताहिक। जिसके माध्यम से नवयुवकों में देश -प्रेम का ज़ज्बा भरने का प्रयास किया। इसके साथ ही महिलाएं भी प्रेरित होकर बड़ी संख्या में आन्दोलन में सहभागिता की। इन्ही की प्रेरणा से पहली बार किसानों में राजनीति जागरण आया। ब्रिटिश शासन के विरुद्ध लिखने के कारण इन्हें बीस हजार रूपये का दंड देना पड़ा।

अप्रैल,१९१६ में बोम्बे प्रोवेंसिअल कांफ्रेंस, बेलगाम में आयोजित की। इसके उपरांत डॉ. बेसेन्ट ने अपना लीग बना लिया तथा इन लीग ने अपने क्षेत्र निर्धारित कर लिए, जिसमें तिलक लीग महाराष्ट्र, कर्नाटक, सेंट्रल प्रोविंस तथा बरार सम्मिलित था। और शेष भारत डॉ. बेसेन्ट के क्षेत्र में था। उन्होंने अमेरिका तथा इंग्लैंड में भी होमरूल की शाखाएं प्रारम्भ की। जो भारत की स्वतंत्रता के

Scanned with CamScanner

लिए काम करते थे। लार्ड लेंसबरी तथा जी. बी. शॉ जैसे महान व्यक्तित्व के धनी इसके प्रमुख कार्यकर्ता थे। इन्होने कांग्रेस के गरम एवं नरम दल को मिलाया तथा मुस्लिम लीग और कांग्रेस को मिलाने का कार्य भी किया। १९१७ में डॉ. बेसेन्ट को उनके दो सहकर्मियों अरुन्डले तथा वाडिया के साथ नज़रबंद कर दिया गया। परिणाम स्वरुप सम्पूर्ण भारत में इसके विरोध में अनेक जुलुस निकाले गए तथा सभाएं की गई। न केवल भारत में बल्कि ब्रिटेन में भी इसका गंभीर विरोध हुआ। एक अन्य महत्वपूर्ण घटना घटी जो लोग अभी तक लीग से बाहर थे, उन्होंने होमेरुल लीग की सदस्यता ग्रहण की। उनमें मुख्यत: मदन मोहन मालवीय, सुरेन्द्र नाथ बेनेर्जिया और एम.ए. जिन्ना के नाम थे। और बेसेन्ट को स्वंत्रत करने के लिए एक हजार लोगों के हस्ताक्षर लिए गए। होमेरुल के लिए भी हजारों कृषक और मजदूरों के भी हस्ताक्षर लिए गए। अंततः ब्रिटिश पार्लियामेंट को झुकना पड़ा और उन्हें तीन माह दिसम्बर, १९२७ में ही छोड़ना पड़ा। साथ ही उन सुधारों की भी घोषणा करनी पड़ी जिसके लिए कांग्रेस बहुत समय से प्रयासरत्न था। १९१८ में जहाँ होमेरुल लीग को गति पकड़नी थी, इसके विपरीत धीरे- धीरे भंग हो गई। होमेरुल लीग एक ऐसी कड़ी थी जो नगरों और देशों को जोड़ने का कार्य कर रही थी, नए आंदोलनों के मध्य गुम हो गई।

डॉ. एनी बेसेंट का देहावसान २० सितम्बर, १९३३ में अड्यार, मद्रास में हुआ। वो चाहती ही उनकी मृत्यु के पश्चात सहयोगियों जिद्दू कृष्णमूर्ति, एल्डस हक्सले, गुइड, फेरांडो और रोजालिंड राजगोपाल ने कैलिफोर्निया में हैप्पी वैली स्कूल का निर्माण किया, जिसे बाद में हैप्पी वैली बेसेन्ट हिल स्कूल नाम दिया गया।

निष्कर्षत: हम कह सकते है कि डॉ. बेसेन्ट का सहयोग, सेवा त्याग, प्रेम तथा समर्पण की भावनाएं अपरिमित है। किन्तु उनके व्यक्तित्व का वास्तविक अनुभव तभी हो सकता है जब हम उनके जीवन एवं दर्शन के गहरे तक उतरते है। डॉ. एनी बेसेंट की पहचान स्वतंत्रता सेनानी के साथ ही आधुनिक भारत की माँ एवं मार्गदर्शिका के रूप में की जाती है। भारत के अनेक स्वतंत्रता सेनानी ने उनके प्रति अपना आभार प्रस्तुत किया है -

Scanned with CamScanner

महात्मा गाँधी ने कहा कि –

"भारत को निद्रा से जगाने का कार्य श्रीमती बेसेंट ने किया तथा जब तक भारत जीवित है तब तक उनकी महँ सेवाएँ भी जीवित रहेंगी"।

सरोजिनी नायडू :

"Mrs. Besant was a combination of Parwati, Lakshmi, and Saraswati....she was more truely Indian to all of us and laid foundation of modern India ...source of inspiratiob to me. I learned my first lesson in patriotism from lips of Mrs. Besant, a great mother of Indian People."

स्वामी विवेकानंद :

"Mrs. Besent is an sincere well-wisher of our Motherland and is doing the best to raise our country eternal gratitude of every trueborn Indian is hers forever."

डॉ. एनी बेसेंट एक ऐसी व्यक्तित्व थी, जिन्होंने भारत को न केवल अपनी कर्मभूमि बनाई बल्कि यहाँ के लोगों के लिए एक आदर्श का परिचायक भी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :

1. Chandra, B., Mukharjee, M., Mukharjee, A., Mahajan S., and K.N. Panikkar,(Eds.) 2016. *India's Struggle for Independence* . Penguins Random House. India. First print 1988.

2. Besant, Annie. 1983. *Annie Besant: An Autobiography*. The theosophical Publishing House Adyar Madras, India

Scanned with CamScanner

3. Kaur, Manmohan. "Mrs. Annie Besant and the Home Rule Agitation (1914-1918). In *Role of Women in the Freedom Movement (1857-1947),* 117-43. Jullundur: Sterling Publisher, 1968

4. Forbes, Geraldine. *Women in Modern India*. Vol. 4.2, *The New Cambridge History of India,* edited by Gordon Johnson, C.A. Bayly, and John F. Richards. Reprint. Cambridge: Cambridge University Press, 1996.

5. Chatterjee, Manini. "1930: Turning Point in the Participation of Women in the Freedom Struggle." *Social Scientist* 29, no.7/8 (July-August 2001):39-47. Accessed January 23, 2014. http://www.jstor.org/stable/3518124.

6. Andrews, C.F. and Girija K. Mookerjee. *The Rise and Growth of Congress in India: (1832-1920)*. Meerut: Meenakshi Prakashan, 1967.

Scanned with CamScanner